# भू-आकृतिक प्रक्रियाएँ

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. उभरी हुई भू-आकृतियों का विघर्षण (Wearing down) तथा बेसिन क्षेत्रों का भराव बहिर्जनित बलों के द्वारा होता है।**
**2. धरातल पर अपरदन के माध्यम से उच्चावच के मध्य अंतर कम होना तल संतुलन कहलाता है।**
**3. भू-आकृतियों का निर्माण अंतर्जनित बलों द्वारा होता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भू-आकृतिक प्रक्रियाओं को सही तरीके से परिभाषित करता है?**
(a) अंतर्जनित एवं बहिर्जनित बलों द्वारा भौतिक दबाव तथा रासायनिक क्रियाओं के कारण भूतल के विन्यास में परिवर्तन।
(b) धरातल के पदार्थों का गुरुत्वीय बल के द्वारा संचलन
(c) जल के प्रवाह के द्वारा धरातल के पदार्थों को अधिग्रहण एवं परिवहन
(d) इनमें से कोई नहीं

**3. कथन (A): जल, हिम तथा वायु को भू-आकृतिक कारक कहा जाता है।**
**कारण (R): जल, हिम तथा वायु, धरातल के पदार्थों का अधिग्रहण तथा परिवहन कहते हैं।**
**कूट:**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

**4. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया /प्रक्रियाएँ पटल विरूपण में सम्मिलित है/हैं?**
**1. तीक्ष्ण वलयन के माध्यम से पर्वत निर्माण**
**2. धरातल के बड़े भाग का उत्थापन**
**3. पर्पटी प्लेट का क्षैतिज संचलन**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**5. बहिर्जनित प्रक्रियाओं के संबंध में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. बहिर्जनित प्रक्रियाएँ अपनी ऊर्जा केवल सूर्य द्वारा निर्धारित वायुमंडलीय ऊर्जा से प्राप्त करती हैं।**
**2. विभिन्न जलवायु प्रदेशों में बहिर्जनित भू-आकृतिक प्रक्रियाएँ भिन्न-भिन्न होती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**6. भूमिगत गुफाओं का निर्माण किस प्रकार की अपक्षय प्रक्रिया के फलस्वरूप होता है?**
(a) रासायनिक अपक्षय
(b) भौतिक अपक्षय या यांत्रिक अपक्षय
(c) जैविक अपक्षय
(d) रासायनिक एवं जैविक अपक्षय

**7. जलयोजन जोकि एक रासायनिक अपक्षय की प्रक्रिया है के संबंध में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.जलयोजन की प्रक्रिया शैलों के विघटन में सहायता करती है।**
**2. यह प्रक्रिया खनिजों के भौतिक अपक्षय में भी सहायता प्रदान करती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. अपक्षय में ऑक्सीकरण, ऑक्साइड निर्माण हेतु खनिज एवं कार्बन डाईऑक्साइड का संयोग है।**



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**2. ऑक्सीकरण की प्रक्रिया से शैलों का विखंडन होता है।**
**3.जब ऑक्सीकृत खनिज का ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में अपक्षय होता है तो उसे न्यूनीकरण कहते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 3

**9. भौतिक अपक्षय प्रक्रियाओं के संबंध में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. भौतिक अपक्षय प्रक्रियाएँ तापीय विस्तारण एवं दबाव के निर्मुक्त होने के कारण होती है।**
**2.इस अपक्षय प्रक्रिया के कारण शैलों का बड़ी मात्रा में हानि पहुँचती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1और न ही 2

**10. अपशल्कन गुंबद का निर्माण किस प्रकार की भौतिक अपक्षय प्रक्रिया के कारण होता है?**
(a) भारविहीनता एवं विस्तारण
(b) तापक्रम में परिवर्तन एवं विस्तारण
(c) हिमकरण, पिघलन एवं तुषार वेजिंग
(d) लवण अपक्षय

**11. लवण अपक्षय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह प्रक्रिया तापीय क्रिया, जलयोजन एवं क्रिस्टलीकरण के कारण संभव होता है।**
**2.रेगिस्तानों में उच्च तापक्रम लवण विस्तारण में सहायक होता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. अपक्षय की प्रक्रिया मृदा निर्माण की एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है।**
**2. अपक्षय की प्रक्रिया खनिज के अयस्क के संकेद्रण में सहायक होती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**13. वृहद् संचलन के संबंध में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.इसके अंतर्गत शैलों का वृहद् मलबा गुरुत्वाकर्षण बल के कारण स्थानांतरित होता है।**
**2. अपक्षय की प्रक्रिया वृहद् संचलन को बढ़ावा देती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**14. मलबा अवधाव को किस श्रेणी में सम्मिलित किया जा सकता है?**
(a) भूस्खलन
(b) अपरदन
(c) तीव्र प्रवाही वृहद् संचलन
(d) मंद प्रवाही वृहद् संचलन

**15. कथन (A): हिमालय पर्वत शृंखला में प्राय: मलबा अवधाव एवं भूस्खलन की घटनाएँ घटित होती रहती है।**
**कारण (R): हिमालय की तुलना में तमिलनाडु , कर्नाटक एवं केरल की सीमा बनाता हुआ नीलगिरी एवं पश्चिमी तट के किनारे और पश्चिमी घाट अपेक्षाकृत विवर्तनिकी दृष्टि से अधिक अस्थायी हैं तथा बहुत नरम शैलों से निर्मित हैं।**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**16. मृदा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. मृदा में जैविक क्रिया मंद या बंद हो जाती है, यदि मृदा बहुत ज्यादा शुष्क या ठंडी हो।**
**2. मृदा, जलवायु की दशाओं, भू-आकृतियों एवं वनस्पतियों के साथ अनुकूलित होती रहती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**17. मृदा निर्माण सर्वप्रथम निर्भर करती है-**
(a) अपक्षय
(b) भूस्खलन
(c) अपरदन
(d) वृहद् संचलन

**18. मृदा निर्माण की जैविक क्रिया से संबंधित नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. ठंडे जलवायु प्रदेश में तीव्र बैक्टीरियल वृद्धि होने के कारण मृदा में ह्यूमस की कमी हो जाती है।**
**2.भूमध्यरेखीय जलवायु में बैक्टीरियल क्रियाएँ धीमी होने के कारण मृदा में ह्यमूस एकत्रित होता रहता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213